गैरसैंण, शनिवार
6 जनवरी 2024
वर्ष: 14
अंक: 234 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## चुनाव आयोग से कांग्रेस को बड़ा झटका, ईवीएम–वीवीपैट को लेकर चर्चा संबंधी अनुरोध को ठुकराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वीवीपैट को लेकर आयोग से चर्चा करने संबंधी अनुरोध को यह कहते हुए ठुकरा दिया है कि ईवीएम के इस्तेमाल आयोग को पूरा भरोसा है इसलिए इस बारे में किसी चर्चा की आवश्यकता नहीं है। आयोग ने कहा है कि ईवीएम को लेकर जो कुछ जानकारी जनता के बीच है। ईवीएम से जुड़ी पूरी जानकारी सवालों तथा उनके जवाब के साथ व्यापकता से दिए गए हैं। इन सवालों तथा उनके जवाब में ईवीएम से जुड़े सभी आशंकाओं का निराकरण है ईवीएम से मतदान के बाद वीवीपैट की व्यवस्था पर आयोग ने कहा कि ईवीएम में डाले गये वोट की व्यवस्था कांग्रेस सरकार के शासनकाल में 2013 में शुरु की गई थी। आयोग ने यह भी कहा कि ईवीएम तथा वीवीपैट को लेकर पहले भी व्यापक जानकारी दी जा चुकी है। आयोग ने यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को लिखे पत्र के जवाब में कही है जिसमें उन्होंने आयोग से अनुरोध किया था कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के नेताओं का एक दल वीवीपैट पर अपना मत रखने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त तथा उनके सहयोगियों से मिलना चाहता है।

# राज्य के प्रमुख स्थलों से अयोध्या के लिये संचालित होगी बसें : धामी

## बस स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाएं , मुख्यमंत्री ने की परिवहन विभाग की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** बस स्टेशनों को स्वच्छ और आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त बनाया जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रैश बैरियर और सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किये जाएं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों की फिटनेस टेस्टिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। वाहन चालकों के प्रशिक्षण और मेडिकल की भी समुचित व्यवस्था की जाए। यातायात नियमों के प्रति लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। रोडवेज की बसों के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रचार भी किया जाए। जन सुरक्षा की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्रों में पुराने वाहनों की जगह पर नये वाहनों की व्यवस्था की जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही। राज्य में जो भी नये बस स्टेशन बनाये जा रहे हैं, उनमें यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाया जाए। सभी बस स्टेशनों पर स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के लिए देहरूदन, हल्द्वानी और हरिद्वार से बस सेवा को संचालित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि वाहनों पर नम्बर प्लेट स्पष्ट दिखे, नम्बर प्लेट से छेड़खानी करने वालों पर सख्त कारवाई भी की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम की स्थिति में पिछले दो वित्तीय वर्ष में लगातार सुधार आया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में निगम को 29.06 करोड़ रूपये का फायदा हुआ, जबकि इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 27 करोड़ रूपये का फायदा हुआ है। परिवहन विभाग के राजस्व प्राप्ति में भी पिछले दो वित्तीय वर्ष में लगातार वृद्धि हुई है। 2021-22 में 20.86 प्रतिशत और 2022-23 में 34.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वित्तीय वर्ष में भी अभी तक गत वर्ष की तुलना में 11.20 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। परिवहन विभाग में ऑनलाईन सुविधाएं बढ़ने से प्रर्वतन संबंधी कार्यवाही में भी तेजी आई है। उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में व्हीकल टेस्टिंग सेंटर के निर्माण के लिए धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। अल्मोड़ा में आईएसबीटी का निर्माण कार्य पूर्ण होने वाला है। परिवहन विभाग द्वारा 58 सेवाएं ऑनलाईन दी जा रही हैं। लाइसेंस संबंधी सभी सेवाएं ऑनलाइन की गई है। पंजीयन से संबंधित 20 सेवाएं और परमिट से संबंधित 08 सेवाएं ऑनलाईन दी जा रही हैं। प्रवर्तन कार्यों को सुदृढ़ करने के लिए राज्य में 10 चिन्हित स्थानों पर ए.एन.पी.आर. कैमरे लगाये गये हैं, जबकि 17 स्थानों पर और लगाये जा रहे हैं। 09 इन्टरसेप्टर वाहनों और 30 बाईक स्क्वैड की तैनाती की गई है।

सड़क सुरक्षा की दृष्टि से 66811 वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाये गये हैं। 2023 में 35515 वाहनों पर वी.एल.टी.डी स्थापित किये गये हैं। परिवहन विभाग द्वारा देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार एवं कोटद्वार में ऑटोमेटिड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक बनाया गया है। जबकि काशीपुर, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, रूड़की हल्द्वानी और रामनगर में ऑटोमेटिड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की कार्यवाही गतिमान है।

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | The Fern | CROWNE PLAZA | JAYPEE HOTELS & RESORTS | COUNTRY | COURTYARD Marriott AHMEDABAD | SAYAJI | WELCOMHOTEL | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott HOTELS & RESORTS | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया उत्तराखण्ड राज्य में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में उत्तराखण्ड राज्य में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्य में वर्ष 2023 की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि अभी तक 9,922 नि–क्षय मित्र बनाये गए हैं। कुल 19,833 रोगियों को नि–क्षय मित्र द्वारा सहायता प्रदान की गई है। दिनांक 04 जनवरी, 2024 तक 2,252 ग्राम, 1012 ग्राम पंचायत एवं 61 शहरी वार्ड टीबी मुक्त सूचकांक को प्राप्त कर चुके हैं। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि माह नवंबर, 2023 तक टीबी के इलाज की सफलता दर में भारत सरकार से प्राप्त 85 प्रतिशत के लक्ष्य के सापेक्ष 87 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गई है।



इस अवसर पर टीबी उन्मूलन लक्ष्य 2024 की प्राप्ति हेतु कार्ययोजना, टीबी मुक्त ब्लॉक कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा बताया गया। राज्यपाल ने प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों द्वारा इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य किया गया है उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि जनसहयोग से ही यह अभियान सफल होगा और राज्य अपने लक्ष्य के अनुसार इस वर्ष के अंत में टीबी मुक्त बन सकेगा। उन्होंने अभी तक के किए गए प्रयासों को डाक्यूमेंट करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि विभाग द्वारा अब तक जो प्रयास किए गए हैं वह सराहनीय हैं और उसे जारी रखने की जरूरत है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए राज्यपाल की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन से यह सब संभव हो सका है। उन्होंने राज्यपाल की अध्यक्षता में सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की बैठक और पूरे प्रदेश में अलग–अलग जगहों पर पांच बड़े सेमिनार आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक पांच हजार गांवों को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर.राजेश कुमार, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, अपर सचिव अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ.बिनीता शाह, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, प्रभारी अधिकारी क्षय उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. पंकज भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## डीएम सोनिका की अध्यक्षता में पशुकूरता निवारण समिति की बैठक

**देहरादून(सं)।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनपदीय पशुकूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निराश्रित गौवंश को गौशाला में शिफ्ट करते हुए इसकी नियमित सूचना उपलब्ध कराई जाए,साथ ही निर्देशित किया शीतलहर में घूमन्तू पशुओं को ढंड से बचाने हेतु ऐसे पशुओं को नजदीकी गौशाला में भेजा जाए। गौ सदनों के संचालकों द्वारा अस्थायी गौ शरणालय बनाए जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को प्रस्ताव भेजनें को कहा। तिमली अवस्थित गौशाला में विद्युत एवं पानी की व्यवस्था किये जाने के अनुरोध पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सम्बन्धित विभागों के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को निर्देशित किया।

# सीएम ने तिलक रोड से की भाजपा के दीवार लेखन अभियान की शुरुआत

**देहरादून(सं)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के दीवार लेखन अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तिलक रोड स्थित अम्बेडकर नगर मंडल के बूथ संख्या 40 से की। दीवार पर पार्टी का चुनाव निशान कमल का फूल उकेरते हुए इस अवसर पर सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार के लिए प्रदेश भर में व्यापक अभियान शुरू किया जा रहा है। सभी भाजपा कार्यकर्ता देश में कमल का फूल खिलाने को प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर राजपुर रोड विधायक खजानदास, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, विश्वास डाबर, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, रविन्द्र कटारिया, वैभव अग्रवाल, अभिषेक नौडियाल, दीपक जेठी, संजीव विज, गोपाल पुरी, नवीन कुमार मौजूद रहे। भाजपा के सभी मंडलों में इसके साथ ही दीवार लेखन कार्यक्रम भी शुरू हो गया। रायपुर विधानसभा स्थित बद्रीश कॉलोनी में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मंडल द्वारा दीवार लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रतिभाग किया। उन्होंने भी दीवार पर कमल के पुष्प का चित्रांकन किया।

बद्रीश कॉलोनी बूथ संख्या 117 में हुए कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने दीवार लेखन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अभियान के दौरान पार्टी का चुनाव चिन्ह व चुनावी नारे भाजपा सरकार जिंदाबाद, अबकी बार फिर से मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार, जय भाजपा विजय भाजपा, सदैव भाजपा जैसे नारे दीवार पर लिखे जा रहे हैं। रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने कहा कि पूरे क्षेत्र में यह अभियान लगातार चलाया जाता रहेगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश बडोनी, मोहन चंद्र गैरोला, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड प्रमुख विधान सिंह रावत, आंदोलनकारी रोशनी नेगी, महानगर उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, मण्डल मंत्री देवेंद्र गैरोला, मण्डल उपाध्यक्ष अमित कौशिक, राजेन्द्र भट्ट आदि उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कालीदास मार्ग स्थित बूथ नंबर 68 में भाजपा द्वारा आयोजित दीवार लेखन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अभियान के तहत जय भाजपा तय भाजपा के नारे के साथ कमल का फूल बनाकर कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नेहा जोशी, महानगर महामंत्री सुरेन्द्र राणा, मंडल महामंत्री आशीष थापा(संयोजक),अंकित जोशी, ओम प्रकाश बावड़ी (सह स्योजक) पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, आरएस परिहार, निरंजन डोभाल, भावना चौधरी, मंडल पदाधिकारी गण, निवर्तमान पार्षदगण समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पक्षी दिवसः पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण अंग, पौधा रोपण कर बचा सकते हैं पक्षियों के घरौंदें: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**ऋषिकेश(सं)।** परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज 'राष्ट्रीय पक्षी दिवस' पर कहा कि पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं। पक्षियों के स्वास्थ्य और जीवन शक्ति को बनाये रखने के लिये एक स्वस्थ प्रकृति व पर्यावरण का होना अत्यंत आवश्यक है। थोड़े से वित्तीय लाभ और खुशी के लिए पक्षियों को पकड़ लिया जाता है; कैद किया जाता है तथा उनके साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार किया जाता है। आज का दिन यह याद दिलाता है कि हम यह सुनिश्चित करें कि पक्षियों को बेहतर जीवन मिले, स्वच्छ व स्वछंद वातावरण कैसे प्राप्त हो।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि भारत की संस्कृति निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने का संदेश देती है। भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है मानवता की सेवा करना। दुनिया में ऐसे कई महापुरूष हुये जिन्होंने दूसरों की सेवा के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी। प्रत्येक प्राणी को गरिमापूर्ण जीवन देने, समाज के हर वर्ग और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार करने हेतु भारतीय सनातन संस्कृति का सूत्र 'सेवा ही साधना है' को अंगीकार कर हमारे ऋषियों और महापुरूषों ने इस दिव्य संस्कृति का निर्माण किया।

देखा जाये तो हमारा समाज सहयोग एवं संघर्ष द्वारा संचालित एक संस्था है परन्तु जब



संघर्ष बढ़ जाता है तो दमन की ओर सहयोग बढ़ता है तो शान्ति की शुरूआत होती है इसलिये सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के प्रति अहिंसा, करूणा और सहिष्णुता की भावना अत्यंत आवश्यक है।

स्वामी जी ने कहा कि अहिंसा से तात्पर्य मन, वचन और कर्म से किसी को भी कष्ट न पहुंचाना तथा सभी प्राणियों के प्रति प्रेम, दया, सहानुभूति और सेवाभाव बनाये रखने से है। अहिंसा करूणा, दया, धैर्य और शांति जैसे मूल्यों की प्राप्ति हेतु महात्मा बुद्ध, तीर्थंकर महावीर स्वामी और महात्मा गांधी जी ने अथक प्रयत्न कर अहिंसा के व्यापक कर शाश्वत जीवन मूल्य हमें प्रदान किये। भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना और 'सर्वे भवन्तु सुखिन' जैसे मूल्यों को केंद्र में रखकर प्राणिमात्र के प्रति करुणा, आत्मीयता, प्रेम और शान्ति में अभिवृद्धि की जा सकती है।महात्मा गांधी जी के अनुसार अहिंसा नैतिक जीवन जीने का मूलभूत सिद्धान्त है। यह केवल एक आदर्श नहीं है बल्कि यह हमारा एक प्राकृतिक नियम है। अगर हम देखें तो, भारत 18 वीं व 19 वीं सदी तक प्रकृति और मानव जीवन के समन्वित विकास, सहअस्तित्व एवं आध्यात्मिक मूल्यों को साथ लेकर आगे बढ़ा लेकिन 20 वीं व वर्तमान 21 वीं सदी में मानव जिस भौतिकवादी संस्कृति को लेकर आगे बढ़ रहा है उसमें मानवता और प्रकृति का कल्याण निहित नहीं है। हमें एक ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी जो परम्परागत होने के साथ ही उसमें धर्म, आध्यात्मिकता, मानवतावादी, सनातन संस्कृति और वैज्ञानिकता की सभी धाराएँ समाहित हो। एक ऐसा मार्ग खोजना होगा जिसमें धर्म, अध्यात्म एवं भौतिकता' का उत्कृष्ट समन्वय हो। इसी समन्वय से प्राणी, प्रकृति और मानव के अस्तित्व को बचाया जा सकता है। पक्षी, प्रकृति की सबसे खूबसूरत चीजों में से एक हैं।

## आंखों में झोल और अफसरों का खौफ

**देहरादून।** टैक्सी नंबर पर सफेद प्लेट लगाकर चल रही अफसरों की गाड़ियों की फिटनेस पर भी सवाल उठ रहे हैं, आखिर ये वाहन फिटनेस में कैसे पास हो जा रहे हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिटनेस के दौरान वाहन में पीले रंग की प्लेट लगी होती है, जिसे कुछ लोग फिटनेस होते ही हटा देते हैं। जबकि कुछ मालिक गाड़ी के अफसर के पास होने का खौफ दिखाकर फिटनेस करवा देते हैं। नियम के अनुसार आठ साल तक पुराने कमर्शियल वाहनों की फिटनेस दो साल में होती है। जबकि इससे अधिक पुराने वाहनों की फिटनेस हर साल होती है। सचिवालय में अफसरों ने जो गाड़ियां हायर की हैं, वह कमर्शियल हैं, जिन पर नियमानुसार पीली हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी होनी चाहिए। लेकिन ज्यादातर वाहनों पर सफेद प्लेट लगी हैं, जो नकली है। ऐसे में इन वाहनों की फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं। वाहन पर यदि नकली प्लेट लगी हुई तो उसे फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं दिया जा सकता। हालांकि, परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब ये वाहन फिटनेस के लिए आते हैं, पूरी तरह से फिट रहते हैं, इसके बाद ही फिट होने का प्रमाण पत्र दिया जाता है। वहीं, चर्चा यह भी है कि कुछ वाहन मालिक वाहन के सचिवालय या अन्य विभाग के अफसर के पास होने का हवाला देकर फिटनेस करवा देते हैं।

## पांच आईपीएस समेत 10 पुलिस अफसरों का स्थानांतरण

**देहरादून(सं)।** सरकार ने पांच आईपीएस समेत 10 पुलिस अफसरों में फेरबदल किया। आईपीएस देवेंद्र पींचा अल्मोड़ा और अजय गणपति कुमार चंपावत के नए पुलिस कप्तान बनाए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की मंजूरी के बाद अपर सचिव गृह अतर सिंह ने शुक्रवार को यह आदेश किए। पींचा इससे पहले चंपावत के एसपी जबकि गणपति पुलिस अधीक्षक रेलवे हरिद्वार के पद पर कार्यरत थे। आईआरबी प्रथम रामनगर के सेनानायक सुखबीर सिंह डीआईजी अभिसूचना, अल्मोड़ा के पुलिस कप्तान रहे रामचंद्र राजगुरू को आईआरबी प्रथम का सेना नायक बनाया गया है। वहीं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण देहरादून कमलेश उपाध्याय को दून में ही एसपी अपराध व कानून व्यवस्था का जिम्मा सौंपा है। इसके साथ ही पांच पीपीएस अफसरों को भी इधर से उधर किया गया है। दून की एसपी सिटी रही सरिता डोबाल को एसपी रेलवे हरिद्वार की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पति प्रमेंद्र डोबाल हरिद्वार के एसएसपी है। वहीं, दून में तैनात एसपी अपराध व कानून व्यवस्था प्रमोद कुमार अब दून के नए एसपी सिटी होंगे। सीबीसीआईडी के खंडाधिकारी दून में तैनात लोकजीत सिंह को एसपी सिटी ग्रामीण देहरादून और अपर पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार गैरोला को दून से हरिद्वार में एसपी यातायात जबकि हरिद्वार में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर को सीबीसीआईडी दून का नया खंडाधिकारी बनाया है।

## प्रथम महिला गुरमीत कौर ने प्रेम धाम वृद्धाश्रम में रह रहीं बुजुर्ग महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना

**देहरादून(सं)।** प्रथम महिला गुरमीत कौर आज डालनवाला स्थित प्रेम धाम पहुँची, जहाँ उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहीं बुजुर्ग महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने बुजुर्गों को कम्बल भी वितरित किए और सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी। श्रीमती कौर ने आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से मुलाकात की और उनकी व्यवस्था के बारे में उनसे चर्चा की। उन्होंने वृद्धा आश्रम संचालकों से वृद्धा आश्रम की क्षमता, खाने की व्यवस्था, रूम की सफाई व्यवस्था और उनके मनोरंजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनों के खान–पान से लेकर प्रतिदिन की दिनचर्या और व्यवस्था नियमित करने हेतु आभार भी जताया। इस दौरान उन्होंने प्रेम धाम वृद्धाश्रम के संचालकों को आश्वासन दिया की जल्द ही वृद्धाश्रम में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा, जिस दौरान दवाइयां इत्यादि भी राजभवन से उपलब्ध करवाई जाएगीं। आर्थिक सहायता के रूप प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने प्रेम धाम वृद्धाश्रम को 51 हजार रुपए सहायता प्रदान की और बुजुर्ग लोगों की सेवा करने हेतु आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

## इग्नू की बीएड व बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा सात को

**देहरादून(सं)।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी यानी इग्नू की बीएड,बीएससी नर्सिंग और पीएचडी की प्रवेश परीक्षा सात जनवरी को होगी। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि परीक्षा के लिए गढ़वाल में डीएवी पीजी कालेज व कुमाऊं में एमबी पीजी कालेज हल्द्वानी में सेंटर बनाया गया है। परीक्षार्थी इग्नू के होमपेज के अलर्ट सैक्शन में जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। न्होंने समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने और निर्देशों को पालन करने की भी अपील की है।ताकि परीक्षा में किसी भी तरह की दिक्कत ना आए।

## गुमशुदा महिला को पुलिस ने किया बरामद

**कोटद्वार** : चौबट्टाखाल तहसील क्षेत्रांतर्गत एक गांव से गुम हुई महिला सतपुली पुलिस को कोटद्वार से मिल गई है। महिला के कोटद्वार न्यायालय में बयान दर्ज करवाए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष सतपुली दीपक तिवाड़ी के अनुसार तहसील चौबट्टाखाल के राजस्व क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के 12 नवंबर, 2023 से लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई गई। राजस्व पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम विवेचना हेतु थाना सतपुली को मामला स्थानांतरित कर दिया। मोबाइल सर्विलांस और मुखबिर की मदद से शुक्रवार को लापता महिला कोटद्वार से मिली।

## कोटद्वार तहसील में स्थाई तहसीलदार की हो नियुक्ति

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कोटद्वार तहसील में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति की मांग की है। कहा कि स्थायी तहसीलदार न होने से लोगों के न्यायिक कार्य नहीं हो पा रहे हैं। इस संबध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में परिषद ने कहा है कि कोटद्वार तहसील में दुगड्डा ब्लाक के पहाड़ी गांवों के ग्रामीणों सहित कोटद्वार निवासी भी अपना न्यायिक कार्य करवाने आते हैं। तहसील में लंबे समय से स्थायी तहसीलदार का पद रिक्त चल रहा है। इस कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के अंदर तहसील में स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति नहीं हुई तो परिषद धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद अध्यक्ष जी के बड़थ्वाल, सी पी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुरेश रावत, बलवान सिंह और मथुरा प्रसाद आदि शामिल थे।

## विद्यार्थियों को बताया एनएसएस का महत्व

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कालेज थलीसैंण में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने स्वच्छता अभियान भी चलाया। सात दिवसीय शिविर के दौरान विद्यार्थियों को रासेयो के महत्व के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने कहा कि रासेयो विद्यार्थियों को जीवन जीने का तरीका बताता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विद्यालय व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया। अंतिम दिन नशे के साथ ही मतदान के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हम सभी को अपने मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं की ओर से भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। महिला मंगल दल की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके पर महिला मंगल दल की अध्यक्ष सीरा देवी, हर्षपाल सिंह, विजय साहू, मंगल सिंह, बच्चन सिंह, लाखन सिंह, सुनीता देवी, सोनी देवी, सुमित्रा देवी आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

**कोटद्वार** : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में करियर काउंसिलिंग एंड गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन हिमाचल यूनिवर्सिटी पोखड़ा निदेशक डा. संजय ऋषीश्वर, पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक डा. संजय ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का दौर है लेकिन इससे मेहनत कर रहे छात्रों को निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि उज्जवल भविष्य के लिए सिर्फ डिग्री की आवश्यकता नहीं होती बल्कि इसके लिए पढ़ाई में रुचि, लगन और समर्पण का भाव होना चाहिए। पीएलबी पुष्पेंद्र राणा ने विधिक सेवा से सम्बंधित साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवी प्रसाद डडवाल, पूर्व प्रधानाचार्य उम्मीद सिंह रावत मौजूद रहे। संचालन आमोद नेगी ने किया।

# खबर का असर : अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दोबारा बनेगी सड़क

### दैनिक जयन्त में प्रकाशित की गई थी सजवाण कॉलीन सड़क निर्माण की खबर

**रिजेक्शन (अस्वीकृति) की श्रेणी में रखकर दोबारा होगा सड़क का निर्माण**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : हल्दूखाता मल्ला वार्ड नंबर 33 सजवाण कॉलोनी में सड़क गुणवत्ता को लेकर प्रकाशित की गई खबर का असर हुआ है। शुक्रवार को अधिकारियों ने सड़क का निरीक्षण करते हुए इसे रिजेक्शन (अस्वीकृति) की श्रेणी में रखकर दोबारा मरम्मत करवाने की बात कही।

मालूम हो कि शुक्रवार को दैनिक जयंत में हल्दूखाता मल्ला वार्ड नंबर 33 सजवाण कॉलोनी में दस दिन पूर्व निर्मित एक किलोमीटर बनी सड़क के बदहाल होने की खबर प्रकाशित की गई थी। जिसमें बताया गया था कि सड़क निर्माण में केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। वार्ड वासियों ने निर्माण कार्य की जांच करवाने की मांग की थी। आरोप था कि समस्या के संबंध में वार्ड वासियों ने 22 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की थी। वार्डवासी सुनीता रावत, मंजू बमराड़ा, कविता नेगी, संगीता, लक्ष्मी, आशा उनियाल, माया रावत, अर्जुन नेगी, आकाश बड़ोला ने बताया था कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को घटिया गुणवत्ता से अवगत करवाया था। मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा उसी दिन मौके का मुआयना किया और ठेकेदार को कार्य बंद करने को कहा। लेकिन, उसी रात ठेकेदार ने आनन-फानन में पूरी सड़क का निर्माण करवा दिया। अगली सुबह होने से पूर्व ठेकेदार अपना सामान समेटकर चला गया। ऐसे में शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग ने सड़क का निरीक्षण करते हुए यह पाया कि वाकई में सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क को रिजेक्शन की श्रेणी में रखते हुए इसका पुनर्निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही अनुबंधित ठेकेदार को काली सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारियों को प्रत्र भेजा जाएगा। इस मौके पर डा. राजेंद्र बमराड़ा, राजीव डबराल, नरेंद्र रावत, वीरेंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



सड़क निर्माण कार्य की जांच करते अधिकारी

# पट्टाधारक व भूमिहीन परिवारों को भी दिया जाएं मुआवजा

### सनेह क्षेत्र में प्रस्तावित बाईपास प्रभावितों ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : सनेह क्षेत्र में प्रस्तावित बाईपास के प्रभावितों ने पट्टाधारक व भूमिहीन परिवारों को भी मुआवजा देने की मांग की है। मुआवजा वितरण के लिए एक बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए। जिससे प्रत्येक प्रभावित परिवार को उसका लाभ मिल सकें।

एनएचएआई विरोध संघर्ष समिति ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को ज्ञापन दिया। कहा कि भूमिहीन व्यक्तियों को भी भूमिधरों के अनुसार ही मुआवजा मिलना चाहिए। अन्यथा सरकार को इनके पुनर्वास व पुर्नस्थापन की व्यवस्था करनी चाहिए।

गोल खाते की जमीनों का मुआवजा उन्हें लोगों को मिलना चाहिए, जिनका वर्षों से उस पर कब्जा है। इसके लिए तहसील स्तर पर व्यवस्था बनानी चाहिए। भूमिधरों को बाजारी मूल्य के अनुसार ही मुआवजा दिया जाना चाहिए। भूमि मकान व बगीचों की नाप भूमि मालिकों के सामने होनी चाहिए और इसकी पूरी जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। कहा कि बहुत से लोग ऐसे भी है जो प्रभावित नहीं हैं। लेकिन, मुआवजे की लिस्ट में उनका नाम दर्ज किया गया है। जो कि पूरी तरह गलत है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष आशीष रावत, सुनीता असवाल, भजन सिंह, अनिल रावत, हरीश नेगी, धीरज सिंह नेगी, सुनील बलूनी आदि मौजूद रहे।



अपनी समस्या से विधानसभा अध्यक्ष व जिलाधिकारी को अवगत करवाते प्रभावित परिवार

## भू-कानून के लिए संघर्ष करेगा उक्रांद

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल ने उत्तराखंड में भू-कानून लागू करने के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया है। कहा कि प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौदान इस दौरान जगदीपक रावत को उक्रांद (कपरवाण गुट) का केंद्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि पहाड़ के बेहतर विकास के लिए उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया था। लेकिन, आज भी जनता मूलभूत सुविधाओं से जूझ रही है। कहा कि संगठन की मजबूती के लिए जगदीपक रावत को केंद्रीय उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश भारद्वाज को महामंत्री, प्रवेश नवानी को बौद्धिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। निर्णय लिया गया कि प्रदेश की समस्याओं को लेकर दस जनवरी को बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें कोटद्वार में मेडिकल कालेज निर्माण नहीं होने, लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा होगी। इस मौके पर महानगर कोषाध्यक्ष भारत मोहन काला, मेहरबान सिंह नेगी, सतीश कुमार टम्टा, भारत सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह, प्रभाकर ध्यानी आदि मौजूद रहे।

## नाराज आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों ने शुरू की हड़ताल

**पौड़ी** : नगर पालिका के आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों ने उनको ठेका प्रथा पर रखने और पीएफ नहीं मिलने से नाराज होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताली कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनको पूर्व की तरह पालिका के अधीन कार्यरत रखने की मांग उठाई है। शुक्रवार को नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना देते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नगर पालिका के आउटसोर्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सूरज, अरूण आदि ने कहा कि पालिका के अधीन कार्य करने वाले 43 आउटसोर्स कर्मचारियों को ठेका प्रथा पर रख दिया गया है। जिससे आउटसोर्स कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने पालिका के प्रशासन व ईओ से सभी आउटसोर्स के पर्यावरण मित्रों को पूर्व की तरह पालिका के अधीन कार्यरत रखने की मांग की है। हड़ताल में बोबी कुमार, लक्ष्मी देवी, हिमांशु, अभिषेक, तरूण, गौरव, मनीष, अमन, विकास, विद्यावती आदि शामिल थे। इधर, पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने बताया कि पर्यावरण मित्रों को शनिवार को वार्ता के लिए बुलाया गया है। यदि उनकी कोई वास्तविक समस्या होगी तो उसे हल किया जाएगा।

# सेमीफाइनल में पहुंची उत्तरांचल इलेवन, बनवसा, 19-गढ़वाल व तीन-गढ़वाल राइफल्स

### स्व. शशिधर भट्ट स्मृति में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का तीसरा दिन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : स्व. शशिधर भट्ट स्मृति खेल संस्था की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरा दिन बनबसा, तीसरी गढ़वाल के नाम रहा। शनिवार को सेमीफाइनल मैच उत्तरांचल इलेवन, बनवसा, 19-गढ़वाल व तीन-गढ़वाल राइफल्स के मध्य खेले जाएंगे। शुक्रवार को आयोजित टूर्नामेंट का शुभारंभ कालागढ़ डीएफओ आशुतोष कुमार ने किया। उन्होंने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तीसरे दिन का पहला मुकाबला बनवसा व पौड़ी के बीच खेला गया। जिसमें बनवसा ने 1-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच तीसरी-गढ़वाल राइफल व वेलो सिटी फुटबॉल क्लब चंडीगढ़ के बीच खेला गया। मैच के अंतिम छणों में राहुल के गोल के बदौलत तीसरी गढ़वाल राइफल ने 1-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइल में अपनी जगह पक्की की। इस दौरान फुटबॉल टूर्नामेंट देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इस अवसर पर अतुल भट्ट, भारत सिंह कुकरेती, नंद किशोर कुकरेती, दिनेश जुयाल, धीरेंद्र कंडारी सहित क्षेत्रीय फुटबाल प्रेमी मौजूद रहे।



स्टेडियम में आयोजि फुटबॉल प्रतियोगिता में गोल के लिए जूझते खिलाड़ी

## माधो सिंह भंडारी मेले में नृत्य नाटिका का किया सुंदर मंचन

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर ब्लॉक के मलेथा में आयोजित वीर शिरोमणी माधो सिंह भंडारी स्मृति सांस्कृतिक मेले के दूसरे दिन कलाकारों ने माधो सिंह भंडारी नृत्य नाटिका का सुंदर मंचन किया। शुक्रवार को मेला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर सोनियां पंत और भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर सोनिया पंत ने कहा कि मेले हमारी पौराणिक संस्कृति के संवाहक हैं। इन मेलों से न केवल स्थानीय प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि स्थानीय उत्पादों के लिए बाजार भी उपलब्ध होता है। मेले में मलेथा के युवाओं द्वारा वीर शिरोमणी माधो सिंह भंडारी की नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। मेले में नृत्य नाटिका को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक उमड़े। नृत्य नाटिका में लाटा गंगसारी की बारात व माधो सिंह भंडारी एवं उदीना के विवाह का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। गंगसारी की बारात व उसके बाद माधो सिंह भंडारी का लड़ाई जीत कर आना और लाटा गंगसारी को युद्ध में हराकर उदीना के साथ विवाह व उसके बाद जीवन यापन करने का मंचन किया गया। इसके साथ ही मलेथा की खेती के लिए माधो सिंह भंडारी के पुत्र वीर सिंह का हंसते-हंसते त्याग और बलिदान देने का दृश्य देखकर लोग भाव विभोर हो गए। इस दौरान दर्शकों ने नृत्य नाटिका के कलाकरों की प्रस्तुति को खूब सराहा। नाटिका में माधो सिंह भंडारी की भूमिका पंकज ढंढरियाल, उदीना की सुषमा रावत, चंपू हुड़किया अरविंद रावत, लाटा गंगसारी प्रदीप बिष्ट, गजे सिंह इशीका नेगी, रवि राणा और बादल राणा ने प्रस्तुति दी। मेला समिति के अध्यक्ष देवेंद्र बलूनी ने बताया कि मेले के तीसरे दिन शनिवार को भी माधों सिंह भंडारी की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जायेगी।

## नहर में पानी नहीं आने से किसानों में रोष

**चमोली :** नहर मरम्मत के बावजूद धारगट नहर पर पानी का संचालन न होने के कारण किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने सिंचाई विभाग से नहर पर शीघ्र पानी न चलने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी है। इस नहर से करीब 15 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई होती है। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मेहलचौंरी जितेन्द्र मेहरा, चंद्र सिंह पुण्डीर, मंगल सिंह,अवतार सिंह मेहरवान सिंह आदि का कहना है कि ग्राम पंचायत के तहद धारगट नहर की मरम्मत लाखों की लगात से हो चुकी है। बावजूद नहर में पानी नहीं आ रहा है। जिससे उनकी गेहूं एवं सरसों की फसल खराब हो गई है। उधर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आरके चौधरी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने एई को नहर का निरीक्षण करने तथा शीघ्र पानी का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिये हैं। (एजेंसी)

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

**टिहरी** : थाना पुलिस घनसाली पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 28 अददे व 18 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजेश बिष्ट ने बताया कि एसएसपी टिहरी के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए मुखबिर की सूचना पर विजय पुत्र बालजति निवासी ग्राम मतकुडी सैण को गिरफ्तार किया गया है।

# अफसर उद्योग मित्रों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक एनआईसी कक्ष पौड़ी में जिलाधिकारी गढ़वाल के निर्देशन पर पीडी डीआरडीए संजीव कुमार रॉय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग मित्रों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उन्होंने पूर्व में हुई बैठक की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को समय पर अधूरें कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र सिगड्डी, कोटद्वार चिल्लरखाल मार्ग पर एटीएम की इंटरनेट से संबंधित कनैक्टिविटी जल्द प्रारंभ करें। जिससे सिगड्डी क्षेत्र व आस-पास के लोगों को उसका लाभ मिल सकेगा। विद्युत प्रतिपूर्ति दावों के संबंध में उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी को जांच कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके अलावा वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट्स पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्थानिय उत्पादों




जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारी।

को बढ़ावा देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो कार्य गतिमान हैं उन्हें तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उद्योग विभाग की ओर से बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हेतु नगर आयुक्त कोटद्वार की अध्यक्षता में बैठक का अयोजन किया। जिसमें नगर आयुक्त द्वारा नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के व्यवसायिक गजट 2019 में प्रकाशित दर 1000 रूपए प्रति इकाई (प्रति दिन 100 किलो से कम कूड़ा उत्पादन पर) प्रतिमाह की दर से यूजर्स चार्जर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रोथ सेंटर सिगड्डी कोटद्वार में सार्वजनिक 8 सीटर व 5 सीटर के सार्वजनिक शौचालय व केंटीन स्थापित करने हेतु प्रबंधन सिडकुल द्वारा वित्तीय स्वीकृति हेतु देहरादून सिडकुल मुख्यालय को प्रपोजल प्रेषित किया है। कहा कि मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त होते हुए जल्द शौचालय व केंटीन का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग शैलेंद्र डिमरी, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पारूल, एसडीओ विद्युत गोविंद सिंह, एसडीओ वन विभाग लक्की शाह, सहायक समाज कल्याण अधिकारी अनिल सेमवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आशाओं को दी एचबीएनसी किट के प्रयोग की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में आशा कार्यकत्रियों का ई.टी.सी. पौड़ी में एचबीएनसी व एचबीवाईसी से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया है। एचबीएनसी के अंतर्गत नवजात बच्चों की गृह आधारित देखभाल को लेकर आशा कार्यकत्रियों को जानकारी दी गई।

आयोजित प्रशिक्षण में आशाओं को एचबीएनसी किट के प्रयोग एचबीएनसी फॉर्म भरने, स्तनपान, स्वच्छता, नवजात के तापमान व वजन को नापने संबंधी जानकारी प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। वहीं एचबीवाईसी प्रशिक्षण में आशाओं को 3 माह से 15 माह तक के बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल को लेकर जानकारी भी दी गई। जिसमे बच्चों के हाथ धोने के कौशल उनके पोषण, अनुपूरक आहार, कुपोषण से बचाव के संबंध के संबंध में बताया गया। इसके साथ ही बच्चों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास किस प्रकार किया जाए को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा बताया कि आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर पर प्रसव उपरांत 1 दिन



प्रशिक्षक आशाओं को जानकारी देते हुए।

से 42 दिन तक 7 बार गृह भ्रमण कर बच्चे के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली जाएगी। प्रशिक्षण में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारुल गोयल, प्रशिक्षक जिला आशा समन्वयक दिनेश शाह, सुनील खंडूरी, रजनी जैन, दीपक, सचिव आशा सेवा संस्थान राकेश चंद्रा, आईईसी कॉर्डिनेटर शकुंतला नेगी, सरस्वती देवी, बबीता नौटियाल, ज्योति देवी, संगीता देवी सहित अन्य आशा कार्यकत्रियां मौजूद रही।

## होम स्टे व वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना में 22 आवेदन बैंक स्तर पर लंबित

**पौड़ी** : दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे व वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना की बैठक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी व पीडी डीआरडीए संजीव कुमार रॉय ने वर्चुअल माध्यम से संबंधित अधिकारियों व आवेदकों से की। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने बैठक में दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे विकास योजना वित्तीय वर्ष में अतिथि तक हुयी प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि होम स्टे में 16 आवेदन व वीर चंद्र सिंह गढ़वाली में 6 आवेदन बैंक स्तर पर लंबित हैं। शुक्रवार को प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी व पीडी डीआरडीए ने आयोजित बैठक में दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे व वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार के आवेदकों से बात करते हुए उन्हें समस्त दस्तावेज पूर्ण करते हुए बैंक को प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन आवेदकों के प्रोजेक्ट स्थल की 143 (कृषि भूमि को अकृषि भूमि में बदलने के लिए) होनी है वह संबंधित तहसील से शीघ्र ही 143 करवाएं। उन्होंने संबंधित तहसीलों को भी निर्देश दिये कि दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे विकास योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति से स्वीकृत सभी आवेदकों की त्वरित रूप से प्रोजेक्ट स्थल की 143 करवाना सुनिश्चित करें। जिससे संबंधित आवेदकों को बैंक से ऋण प्राप्त हो सकेगा तथा वह अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगे। बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया सहित बैंक अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम प्रहरी पुलिस का अभिन्न अंग : एसएसपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** एसएसपी श्वेता चौबे ने गांवों में ग्राम प्रहरियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ग्राम प्रहरी गांवों में पुलिस के आंख व कान है। उन्होंने गांवों में घटित होने वाली किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तुरंत अपने थाने पर देने के लिए कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने पुलिस लाइन पौड़ी में कोतवाली पौड़ी क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की बैठक ली। बैठक में एसएसपी ने गांवों में आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं नशा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में चर्चा की। एसएसपी ने बताया कि हर ग्राम प्रहरी को बताया कि वह रजिस्टर बनाते हुए गांव से संबंधित जानकारियां, बाहर से आने वाले फड-फेरी, नेपाली, कबाड़ी, फकीर, भिखारी आदि की जानकारी व गांव में घटित अपराध आदि की सूचना लिखते हुए अपने बीट



एसएसपी श्वेता चौबे ग्राम प्रहरी को जैकेट देते हुए।

पुलिस अधिकारी या संबंधित थाने को दें। एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों को बढ़ती सर्दी के प्रकोप को देखते हुए वर्दी जैकेट वितरित कर उनकी समस्या जानी व आश्वासन दिया गया कि भविष्य में भी ग्राम प्रहरियों के कल्याण हेतु लगातार कार्य किए जाएंगे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ देवी भागवत

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर ब्लॉक के मायादेवी खाल स्थित मायादेवी मंदिर में रामलीला समिति की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हो गई है। नौली से शुरू हुई कलश यात्रा में मां मायादेवी ग्रुप की सदस्यों सहित अन्य महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इस मौके पर कथा व्यास आचार्य हरीश भट्ट ने मां भगवती के रूपों व उनकी महिमा से अवगत कराते हुए श्रद्धालुओं से धर्म कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष अजय सेमवाल, राहुल बंगवाल, प्रधान वीरेंद्र बंगवाल, चंद्रप्रकाश बंगवाल, गजेंद्र, मधुसूदन बंगवाल, राधाराम, अनिल बंगवाल, सुरेंद्र, हरेंद्र, चंडी प्रसाद, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एनसीसी यूनिफॉर्म पहनने से समाज में मिलती है अलग पहचान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में एनसीसी कार्यालय पौड़ी में नशीली दावों के दुरुपयोग के पीड़ितों को कानूनी सेवाएं व नशीली दावों के उन्मूलन के लिए कानूनी सेवाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को कहा कि एनसीसी




यूनिफॉर्म पहनने से समाज में अलग पहचान मिलती है। जिससे उनकी समाज में जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को किशोरावस्था में नशे से होने वाली दुष्प्रभाव और इससे बचाव के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने एनडीपीएस एक्ट 1985 के संबंध में जानकारी भी दी। इस दौरान नशे के खिलाफ इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए मौजूद सभी एनसीसी कैडेट्स द्वारा अपनी सहमति दी गई।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

**चमोली** : राइंका कुशरानी तल्ली का सात दिवसीय एनएसएस का विशेष शिविर राकउप्रावि माईथान में संपन्न हो गया। समापन अवसर पर एनएसएस स्वयं सेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान कुशरानी तल्ली पुष्कर सिंह पुण्डीर ने कहा कि अनुशासन एवं मेहनत कर जीवन में हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश गैड़ी ने बताया कि विशेष शिविर के दौरान एनएसएस स्वयं सेवियों ने स्वच्छता, पॉलीथिन उन्मूलन, मतदाता जागरूकता अभियान, जलस्रोतों की सफाई आदि कार्यों में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य जीएस नेगी, एसएमसी अध्यक्ष चंद्रादत्त जोशी, रघुवीर सिंह व लक्ष्मण सिंह विशेषरूप से मौजूद रहे। (एजेंसी)

## गढ़वाली फिल्म श्रीदेव सुमन को बड़े परदे पर देखेंगे दर्शक

**टिहरी** : टिहरी की राजशाही के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद श्रीदेव सुमन की जीवन पर आधारित गढ़वाली फिल्म को टिहरी में लोग बड़े परदे पर देख सकेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष और फिल्म निर्माता ने त्रिहरी सिनेमा के मुख्य गेट पर रिबन काटकर फिल्म को रिलीज किया। नई टिहरी स्थित नगर पालिका के त्रिहरी सिनेमा में शुक्रवार को टिहरी की राजशाही के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद श्रीदेव सुमन की जीवन पर बनी फिल्म श्रीदेव सुमन का पहला शो शुरू होने से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल और फिल्म निर्माता विक्रम सिंह नेगी पहाड़ी ने श्रीदेव सुमन के चित्र पुष्प कर रिलीज किया। फिल्म के निर्माता ने बताया कि फिल्म बनाने का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को श्रीदेव सुमन द्वारा राजशाही के खिलाफ फूंके गये बिगुल और उनके द्वारा किये गये संघर्ष को बताना है। बताया फिल्म की अधिकांश शूटिंग श्रीदेव सुमन के जौल गांव, सिलोगी, हरिद्वार सहित पांच स्थानों की गई है। कहा प्रधानमंत्री मोदी की बातों से प्रेरणा लेकर उन्होंने श्रीदेव सुमन पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। श्रीदेव सुमन ने टिहरी की राजशाही के खिलाफ जिस तरह से 84 दिनों तक भूखे रहकर अपने प्राणों की आहुति देकर टिहरी को राजशाही से मुक्ति दिलाई और अमर शहीद हो गये। कहा आज की युवा पीढ़ी को भी जानकारी होनी चाहिए, उनके पूर्वज ऐसे महाक्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपना वर्तमान हमारे भविष्य के लिये न्योछावर कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि श्रीदेव सुमन टिहरी के जौल गांव निवासी थे, यह हमारे लिये यह गर्व की बात है। उन्होंने लोगों से श्रीदेव सुमन के जीवन पर आधारित फिल्म को देखने की अपील की है। मौके खेम सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, डॉ. प्रमोद उनियाल, देवेन्द्र बेलवाल, रामलाल नौटियाल, लीला मखलोगा, ब्रिज रावत, डॉ. एमआर सकलानी सहित कई लोग उपस्थित थे। (एजेंसी)

## मंदिर समिति के रावत अध्यक्ष तो भट्ट महामंत्री बने

**टिहरी** : सिद्धपीठ ज्वालामुखी मंदिर विनयखाल की नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन हुआ। कार्यकारिणी में बचल सिंह रावत को तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया है, जबकि सोहन लाल भट्ट को मंत्री, अमनदीप भट्ट उपाध्यक्ष, अमर सिंह राणा कोषाध्यक्ष चुने गये है। पूर्व जिपंस सत्य प्रसाद जोशी को संरक्षक बनाया गया है। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग से बीते वर्षों में विनयखाल में मां ज्वालामुखी विनयखाल का भव्य निर्माण किया गया, उन्होंने मंदिर निर्माण में सहयोग करने वालों लोगों का आभार जताया है। कहा मंदिर परिसर में छूटे कार्यों का निर्माण पूरा करने की समिति भरपूर प्रयास करेगी। मौके पर मंदिर के पुजारी अंबिका प्रसाद भट्ट, चंद्र सिंह राणा, हिम्मत रौतेला, रामकृष्ण सेमवाल, देवेन्द्र जोशी, डॉ. गोविन्द रावत, प्रताप राणा, किशन सिंह, गोपाल राणा, नाराण देव सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

# पंचकर्मा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करें : धामी

## सीएम ने की आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग की समीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड को आयुष और वेलनेस के क्षेत्र में प्रमुख डेस्टिनेशन बनाने के प्रभावी कार्य योजना के साथ कार्य किये जाएं। उत्तराखण्ड को विश्व का सर्वश्रेष्ठ योग गंतव्य बनाने के लिए नई योग नीति शीघ्र लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पंचकर्मा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। राज्य में जड़ी बूटियों के उत्पादन को और बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए आयुष विभाग उद्यान और वन निगम से समन्वय कर संग्रह और विपणन की उचित व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों तक आयुष चिकित्सा की उपलब्धता पर ध्यान दिये जाने की जरूरत बताते हुये कहा कि आयुष के क्षेत्र में निजी भागीदारी के साथ गुणवत्ता युक्त आयुष चिकित्सालयों की स्थापना पर भी ध्यान दिया जाय। आयुष के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये जडी बूटी कृषकों के उत्पादों के विपणन के लिये उचित प्लेटफार्म की व्यवस्था बनाने के भी मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये। स्कूली छात्रों को आयुष संबंधी जानकारी दिये जाने के लिये आयुर्विधा कार्यक्रमों के संचालन में तेजी लाये जाने के प्रयासों की जरूरत बताते हुये उन्होंने सभी स्कूलों में इसकी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने तथा आयुष नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में भी शीघ्रता के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने आयुष के क्षेत्र में बेहतर कार्य संचालन के लिये वेलनेस केंद्रों की स्थापना, आयुष सेवाओं के प्रमाणीकरण तथा आयुष चिकित्सकों एवं फार्मेसिस्टों को प्रसिद्ध आयुष विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा। इससे आयुष चिकित्सा को जनता से जोड़ने में मदद मिलेगी। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में आयुष नीति लागू की गई है। इसमें वेलनेस, स्वास्थ्य, आयुष उत्पादन, आयुष शिक्षा और शोध एवं औषधीय पादपों की खेती से संबंधित प्राविधान किये गये हैं।



आयुष नीति में नवीनतम एमएसएमई नीति तथा मेगा औद्योगिक व निवेश नीति आयुष विनिर्माण इकाइयों पर भी लागू की गई है। सभी आयुष विनिर्माण इकाइयों के लिए 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त पूंजीगत सहायता, आयुष उत्पादों की गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए राज्य के 2-3 महत्वपूर्ण स्थानों पर सामान्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना को प्रोत्साहन, आयुष उत्पादों हेतु आयुष प्रीमियम मार्क/आयुष स्टैंडर्ड मार्क प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है। इस नीति में आगामी 5 वर्षों में एनएबीएच से प्रत्यायन प्राप्त करने वाले प्रत्येक आयुष चिकित्सालय/आयुष हेल्थकेयर क्लीनिक को एनएबीएच से प्रत्यायन प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क की प्रतिपूर्ति, आयुष टेली कंसल्टेशन ऐप प्रारंभ किए जाने की योजना शामिल की गई है। आयुष शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आयुष कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले आयुष कॉलेजों को 15 लाख तक की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण समिति विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव आयुष डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं आयुष विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## राइंका आलकोट में बिनसर महोत्सव 12 जनवरी से

**चमोली** : राजकीय इंटर कालेज आलकोट (पोखरी) में तीन दिवसीय बिनसर महादेव विकास सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। क्षेत्र फ्याल दै के गांवों को विकास से जोड़ने, क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय बिनसर महादेव विकास सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बिनसर विकास मंच के देवेंद्र कंडारी एवं संरक्षक देवी दत्त उनियाल ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम 12 जनवरी को क्षेत्रीय ब्राह्मण जोशी बन्धुओं द्वारा स्वास्ति वाचन एवं वेद मंत्रों का पाठन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। बाद में थराली बेतालेश्वर शिव शक्ति पीठ के महन्त रजनीशानन्द गिरी महाराज द्वारा शिला पूजन का शुभारंभ व क्षेत्रिय विधायक भूपाल राम टम्टा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जायेगा।

# बैंक आपसी समन्वय से हर व्यक्ति तक पहुंचाएं सरकार की योजना

**रुद्रप्रयाग** : जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में परियोजना प्रबंधक ने बैंकों को आपसी समन्वय के साथ सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही बैंकों को ऋण जमा अनुपात 40 प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश भी दिए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक विमल कुमार ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, नैनो योजना, पीएमईजीपी, एनआरएलएम, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन योजना, नाबार्ड से पोषित योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बैंक एवं संबंधित अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जन कल्याण एवं उत्थान के लिए जो भी योजनाएं चला रही है, उसकी जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों के ऋण जमा अनुपात 40 प्रतिशत से कम है, वह अपनी कार्य योजना तैयार कर आगामी तीन महीने में भारतीय रिजर्व बैंक के मानक के अनुसार 40 प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में नए-नए प्रोजेक्ट के लिए ऋण वितरण करने एवं संबंधित विभाग भी उनके स्तर से बड़ा प्रोजेक्ट बनाते हुए बैंकों को प्रेषित करें। ताकि सीडी रेशियो बढ़ाया जा सके। इस मौके पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक से पीके गोयल, नाबार्ड से श्रेयांश जोशी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश, निदेशक आर सेटी किशन सिंह रावत, सुमित आर्य, दीपक सिंह, कपिल जोशी, हीरा सिंह, मनीष चंद्र समेत कई बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे। (एजेंसी)

## सीडीओ/नोडल स्वीप ने किया ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**चमोली** : मुख्य विकास अधिकारी/नोडल स्वीप अभिनव शाह ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। मुख्य विकास अधिकारी ने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## गौचर में जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

**चमोली** : पुलिस ने गौचर के एक लाज में छापा मारकर जुआ खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फड़ से तीन लाख से अधिक की धनराशि भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि पुलिस को गौचर के एक लाज में जुआ खेलने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने छापेमारी कर जुआ खेलने वाले लोगों को गिरफ्तार किया। जुआ के फड़ से पुलिस ने 3,24,450 रुपये, ताश की गड्डी और चार फोन सहित जुआ खेलने के आरोपियों गिरफ्तार को किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध कर्णप्रयाग थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया जुआ खेलने के आरोप में जयकृत सिंह निवासी ग्राम कंडारा तहसील कर्णप्रयाग, सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लदोली, प्रदीप सिंह निवासी ग्राम काण्डई रुद्रप्रयाग, गजेन्द्र सिंह निवासी सिदोली तहसील कर्णप्रयाग गिरफ्तार किए गए हैं। जुआ खेलने के आरोपियों की गिरफ्तारी और जुए की फड़ से रकम और ताश की बरामदगी करने वाली पुलिस टीम की सराहना करते हुये पुलिस अधीक्षक ने 5000 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। टीम में पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सैनी, प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह रावत कोतवाली कर्णप्रयाग, वउनि पंकज कुमार, उनि सुधा बिष्ट, हेकां दीवान सिंह, हेकां अशोक सिंह, कां सन्तोष सिंह, कां नितिन बिष्ट, कां शोभन सिंह शामिल रहे। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | **257-DRM-MB-23-24 Date 05.01.2024** |
| कार्य का नाम | Civil Work for Provision of ABS Buildings, LC Gate Buildings, Augmentation of existing S&T buildings, Quarters in connection with Automatic Block Signaling in BE-RAC section of MB division (Construction of 11 Auto Hut Building, 10 LC Gate Building, 7 Augmentation of existing S&T Building, 3 Type-II and 1 Type-III Quarters) under ADEN/SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय : 29.01.2024 16:00 | अनुमानित लागत : 3,09,49,368.14 |
| धरोहर राशि : 3,04,800.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि : 15.01.2024 |
| आफर की वैधता : 60 दिन | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 माह |
| टेन्डर संख्या दिनांक | **258-DRM-MB-23-24 Date 05.01.2024** |
| कार्य का नाम | Bridge repair work at various bridges (Bridge No. 975 DN, 976 DN, 977 DN, 979 DN,980 DN, 981 DN, 983 DN, 984 UP, 985 DN, 992 DN, 1001 DN and 1002 DN) in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय : 29.01.2024 16:00 | अनुमानित लागत : 56,87,972.75 |
| धरोहर राशि : 1,13,800.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि : 15.01.2024 |
| आफर की वैधता : 60 दिन | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 माह |
| न. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 05.01.2024 | 44/2024 |

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनानाम मदन मोहन (पुराना नाम) से अपना नाम मदन मोहन जोशी (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे मदन मोहन जोशी (नया नाम) पुत्र श्री चक्रधर जोशी के नाम से जाना, पहचाना जाए।

**मदन मोहन जोशी पुत्र श्री चक्रधर जोशी पदमपुर सुखरौ, नियर बी.आर.सी. देवी मंदिर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**(1546/21)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पति No. 4046575M NK स्व. कुंवर सिंह के सर्विस अभिलेखों में मेरी जन्मतिथि भूलवश 01/07/1949 दर्ज हो गई है। जबकि मेरी सही व वास्तविक जन्मतिथि 20/05/1949 है। अतः मेरे पति के सर्विस अभिलेखों में मेरी सही व वास्तविक जन्मतिथि 20/05/1949 लिखी/पढ़ी जाय। E-Stamp No. IN-UK97019054188635W.

**दर्शनी देवी पत्नी स्व. कुंवर सिंह विकास नगर गाड़ीघाट, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**(1545/21)**

## सम्पादकीय

# नए साल के युद्ध संकल्प !

अपने नए साल के भाषण में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने कसम खाई है कि 2024 में वे रूसी सेना पर कहर बरपाएंगे। वे यह बात पूरे भरोसे से इसलिए कह पाए क्योंकि यूक्रेन आज पहले की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। यह युद्ध अपने तीसरे कैलेंडर वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उधर नए साल के ठीक एक दिन पहले और बाद में भी गाजा पर इजराइली हमले जारी रहे। हवाई हमलों में कई प्रोफेसर मारे गए और गाजा के केन्द्रीय हिस्से को धूल में मिला दिया गया। बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प लिया है कि यह युद्ध तब तक चलता रहेगा जब तक उसे जारी रखना जरूरी होगा। दोनों युद्ध युद्धक्षेत्र में भी लड़े जा रहे हैं और डिजीटल दुनिया में भी। दोनों का पूरे विश्व पर प्रभाव पड़ रहा है और सारी दुनिया के लिए दोनों के निहितार्थ हैं। सभी देशों के किसान तब स्तब्ध रह गए थे जब युद्ध की शुरुआत के बाद उन्हें यूक्रेन और रूस से अचानक उर्वरक मिलना बंद हो गए थे। अब लाल सागर में हो रहे हमलों के चलते एक बार फिर सप्लाई बाधित हो रही है। सोशल मीडिया पर सारी दुनिया के युवाओं से कहा जा रहा है कि वे अपनी राय दें, विरोध प्रकट करें और ग्लोबल चेन्स का बहिष्कार करें। इजराइल–हमास युद्ध घिनौना, घातक और दर्दनाक है। नए साल की पूर्व संध्या पर कई लोगों ने केवल ऐसी तस्वीरें और वीडियो साझा किए जिनमें युद्ध के वे दृश्य दिखाए गए हैं जिनमें बच्चे मारे गए। मुझे एक संदेश मिला कि 'हैप्पी' शब्द टाइप करने या 'हैप्पी' महसूस करने से पहले मुझे उन बच्चों के बारे में सोचना चाहिए जो गाजा में मारे गए या मारे जा रहे हैं। निःसंदेह इस नव वर्ष पर इजराइल–हमास युद्ध पर सबका ध्यान केन्द्रित रहा है और आगे भी रहेगा। क्योंकि यह युद्ध कई देशों में चुनावों को प्रभावित करेगा, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है अमेरिका, जहां बहुत से युवा डेमोक्रेट्रों ने इजराइल का समर्थन करने के कारण बाइडन का साथ छोड़ दिया है। यही कारण है कि व्यक्तिगत टेलीफोन चर्चाओं में बाइडन नेतन्याहू पर बर्बादी बंद करने के लिए अधिकाधिक दबाव डाल रहे हैं। लेकिन नेतन्याहू का हमेशा से लक्ष्य रहा है ओस्लो समझौते को सदा–सदा के लिए खत्म और निष्प्रभावी करना। इस मामले में बीबी और हमास दोनों को हमेशा एक दूसरे की जरूरत रही है। बीबी अमेरिका और इजराइलियों को बताते हैं कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है, और हमास, गाजा के निवासियों और दुनिया भर के अपने नए और सरल समर्थकों से कहता है कि फिलिस्तीनियों के पास हमास के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन बीबी रुकने को तैयार नहीं हैं। यहां तक कि 2024 के बारे में सबसे बड़ी चिंता यही है कि इस साल कहीं अलग–थलग पड़े इजराइल के खिलाफ जंग न शुरू हो जाए। ज़मीन पर चल सकने वाले वाहनों से लदे ईरानी जहाज, हमास, हिज़्बुल्ला, हूती और ईराक के शिया लड़ाकों ने इजराइल को घेर रखा है। ईरान अपनी कठपुतलियों के ज़रिये इजराइल को कई मोर्चों पर एक साथ लडऩे के लिए बाध्य करने में जुटा है। अगर युद्ध हुआ तो इजराइल के प्रति दुनिया की न सहानुभूति होगी, न संवेदना होगी और ना ही ऐसे मित्र देश होंगे, जो ईरान के खतरे का मुकाबला करने में उसकी मदद कर सकेंगे। और ना ही उसे हमास को परास्त करने के बाद, गाजा का प्रशासन चलाने के लिए फिलिस्तीनी सहयोगी मिलेंगे।

# हिंदुत्व से आगे भी भाजपा का दांव

**अजीत द्विवेदी**



अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जो माहौल बना है उसी के असर में अगले लोकसभा चुनाव की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। वैसे लोग जो मंदिर के कार्यक्रम का प्रत्यक्ष विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन इसके राजनीतिक इस्तेमाल और असर से चिंतित हैं वे सोशल मीडिया में इसे लेकर तंज कर रहे हैं। वे लिख रहे हैं कि फॉक्सकॉन की फैक्टरी गुजरात में लगेगी, टाटा–एयरबस की फैक्टरी गुजरात में लगेगी, टेस्ला की भी फैक्टरी गुजरात में लगेगी, बुलेट ट्रेन गुजरात में चलेगी और उत्तर प्रदेश में मंदिर बनेगा! इन कटाक्ष के जरिए यह नैरेटिव बनाने का प्रयास हो रहा है कि समूचे उत्तर भारत में हिंदू आस्था को उभार कर वोट की राजनीति हो रही है, जबकि औद्योगिक विकास और रोजगार की व्यवस्था गुजरात में की जा रही है।

यह भी कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश और बाकी हिंदी पट्टी के राज्यों के युवाओं को गुजरात जाकर ही नौकरी करनी है क्योंकि नरेंद्र मोदी की सरकार उत्तर भारत में रोजगार के अवसर पैदा करने वाले उद्योग नहीं लगवा रही है। एक स्तर पर यह बात सही है और निश्चित रूप से युवाओं को एक समूह को यह बात अपील भी करती होगी। लेकिन क्या यह बात व्यापक हिंदू समाज को प्रभावित कर पाएगी? यह मुश्किल लगता है क्योंकि मंदिर और आस्था का मामला मोदी और भाजपा के चुनावी दांव का सिर्फ एक पहलू है।नरेंद्र मोदी ने मंदिर के कार्यक्रम को सिर्फ हिंदू आस्था और मंदिर मुद्दे तक सीमित नहीं रहने दिया है। उन्होंने आस्था के साथ हिंदू गौरव को जोड़ दिया है और उसके साथ आधारभूत ढांचे के विकास, रोजगार की संभावना और शहरों के सौंदर्यीकरण को भी शामिल किया है। इसके साथ साथ विश्वकर्मा योजना के जरिए जातियों को साधने की व्यवस्था की गई है और लाभार्थियों को शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 30 दिसंबर के अयोध्या दौरे में अपने चुनावी दांव की एक झलक दिखलाई। उन्होंने करीब 16 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तो रामभक्तों को याद दिलाया कि रामलला साढ़े पांच सौ साल बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। ध्यान रहे प्रधानमंत्री बार बार एक हजार साल की गुलामी की याद दिला रहे हैं और देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी ओर पांच सौ साल बाद रामलला के विराजमान होने की बात भी कह रहे हैं।

पांच सौ साल के बाद रामलला के विराजमान होने की बात कहने के साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सिर्फ रामलला को घर नहीं मिला है, बल्कि देश के चार करोड़ लोगों को भी अपना आवास मिला है। इसके बाद वे मुफ्त रसोई गैस की उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी के घर गए और टूटे–फूटे घर में बैठ कर चाय पी। सोचें, यह कितना मजबूत नैरेटिव है? लाभार्थी के इस नैरेटिव ने पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बहुत फायदा पहुंचाया था। उसके बाद से तो कई योजनाएं ऐसी चली हैं, जिनका सीधा लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है।

पिछले चुनाव के समय ही किसान सम्मान निधि की शुरुआत हुई थी, जो अभी तक चल रही है और कोरोना महामारी के बाद 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज की योजना शुरू हुई थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पांच साल के लिए बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सो, चार करोड़ लोगों को घर, उज्ज्वला योजना के लाभार्थी के घर की चाय और पांच किलो मुफ्त अनाज पा रहे 80 करोड़ लाभार्थियों को हिंदू गौरव से जोड़ कर मोदी ने जो दांव चला है उसकी क्या काट विपक्षी गठबंधन के पास है?

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। वहीं से दो अमृत भारत ट्रेन और छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद उन्होंने अयोध्या हवाईअड्डे का उद्घाटन किया, जिसका नाम महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्याधाम रखा गया है। मोदी विरोधी तकनीकी खामी निकाल कर बता रहे हैं कि हिंदू धर्म में धाम तो चार ही है मोदी सरकार अयोध्या को धाम बना कर गलत कर रही है। लेकिन उनकी नजर इस पर नहीं जा रही है कि इस हवाईअड्डे की मदद से बुनियादी ढांचे के विकास का कैसा मैसेज बना है और महर्षि वाल्मिकी के नाम पर इसके नामकरण से दलित समुदाय की एक बड़ी जाति के अंदर गर्व का कैसा भाव पैदा हुआ है!

रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बहाने व्यापक हिंदू समाज को साधने की कोशिशों के साथ साथ हिंदू समाज के अंदर के जातीय विभाजन को भी एड्रेस करने का प्रयास इसके जरिए हुआ है।

भव्य राममंदिर के निर्माण के साथ साथ पहले दिन से यह प्रचार किया जा रहा है कि अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय शहर के तौर पर विकसित किया जा रहा है, जहां दुनिया भर से लोग रामलला के दर्शन करने आएंगे। इसके लिए नए स्टेशन और नए हवाईअड्डे बनाए जा रहे हैं।

शहर के आसपास विकास की बड़ी गतिविधियां चल रही हैं। होटल्स बन रहे हैं और बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। इसका यह फायदा समझाया जा रहा है कि इससे नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। ध्यान रहे भाजपा राममंदिर के उद्घाटन के बाद देश भर से रामभक्तों को अयोध्या में दर्शन कराने का अभियान छेडऩे वाली है। तीर्थयात्रियों की जितनी अधिक संख्या होगी व्यापार की संभावना उतनी ज्यादा बढ़ेगी। यह अलग बात है कि उद्योग लगने से ज्यादा सम्मानजनक और स्थिरता वाला रोजगार मिलता है, जो गुजरात के लोगों को मिल रहा है। उसके मुकाबले कम सम्मानजनक रोजगार उत्तर प्रदेश के लोगों को मिलेगा लेकिन उस रोजगार के साथ आस्था और हिंदू गर्व की भावना भी जुड़ी है।

सो, अगले लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के रणनीतिक दांव में सिर्फ आस्था, हिंदुत्व या राष्ट्रवाद का मामला नहीं है। उसके साथ अलग–अलग तरीके से जातीय संतुलन बनाया जा रहा है, जो तीन राज्यों में मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति में भी दिखा है। पीएम विश्वकर्मा योजना के जरिए पिछड़ी और कारीगर जातियों को अवसर मुहैया कराया जा रहा है। यह भी जातिगत समीकरण के नैरेटिव का ही हिस्सा है। इसके अलावा लाभार्थी और बुनियादी ढांचे के विकास का नैरेटिव भी सेट किया जा रहा है।

# चूंकि चाल सियासी है

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सटीक है कि सारे आंकड़े सार्वजनिक दायरे में रखना उचित होगा, ताकि ऐसी नीतियां बन सकें, जो आम जानकारी पर आधारित हो। मगर बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसी नीतियां बनाना सचमुच बिहार सरकार के एजेंडे में है?

बिहार सरकार ने जातीय सर्वेक्षण के आंकड़ों के बारे में सुप्रीम कोर्ट में उलटा तर्क रखा। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि सर्वे से प्राप्त आंकड़ों पर अभी काम किया जा रहा है। आंकड़ों का विश्लेषण पूरा होने के बाद उन्हें सार्वजनिक कर दिया जाएगा। यह तर्क उलटा इसलिए है क्योंकि विश्लेषण का काम पूरा हुए बिना ही नीतीश कुमार सरकार ने राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। जाहिर है, महागठबंधन सरकार का मकसद आरक्षण बढ़ाकर एक खास राजनीति संदेश देना था। इस कदम का आधार तैयार करने के लिए उसने जातीय सर्वेक्षण करवाया था। बहरहाल, अगर राज्य सरकार का मकसद सचमुच जातीय आधार पर पिछड़ेपन को दूर करना होता, तो वह पहले ईमानदारी से सारे आंकड़े सार्वजनिक दायरे में रखती– फिर उनके आधार पर सार्वजनिक बहस आयोजित की जाती। इस तरह पिछड़ापन दूर करने के लिए सूचना और समझ आधारित विकास नीति का निर्माण हो सकता था। संभव है कि इस बहस के दौरान समझ बनती कि आरक्षण में वृद्धि भी एक जरूरी कदम है। लेकिन इसके साथ कई और कदमों पर अमल करने की बात सामने आती, क्योंकि आरक्षण में बढ़ोतरी अपने–आप में पर्याप्त उपाय नहीं है।

मगर बिहार की सत्ताधारी पार्टियों का मकसद जातीय भावना उभार कर चुनावी बैतरणी पार करना है। अब चूंकि एक जन हित याचिका के जरिए मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है, तो प्रदेश सरकार को न्यायिक निर्णय का इंतजार करना होगा। इस बीच सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सटीक है कि सारे आंकड़े सार्वजनिक दायरे में रखना उचित होगा, ताकि राज्य सरकार ऐसी नीतियां बना सके, जो आम जानकारी पर आधारित हो।

मगर बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसी नीतियां बनाना सचमुच बिहार सरकार के एजेंडे में है? अगर ऐसी नीतियों पर सचमुच अमल करना हो, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, और जन कल्याण से संबंधित उसके मौजूदा कार्यक्रमों में बुनियादी बदलाव करने होंगे। इस दरम्यान कई ऐसे सवाल उठेंगे, जिससे सत्ताधारी दलों के लिए असहज स्थितियां बनेंगी। दरअसल, चूंकि ये दल वैसे सवालों का सामना नहीं करना चाहते, इसलिए ही उन्होंने शॉर्टकट का सहारा लिया है।

# नतीजा संवाद से परहेज का

सडक़ हादसों को रोकने के लिए नजरिए में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो, उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अगर केंद्र सरकार कानून बनाने के पहले सभी हित–धारकों से संवाद के रास्ते पर चलती, तो ट्रक, बस और टैंकर चालकों को हड़ताल पर नहीं जाना पड़ता। लेकिन हित–धारकों की बात तो अलग, सरकार ने देश की आपराधिक दंड संहिता और साक्ष्य कानून में व्यापक बदलाव बिना विपक्ष के साथ भी संवाद कायम किए कर दिया। अब चूंकि नई भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के बारे में प्रभावित हो सकने वाले लोगों को जानकारी मिल रही है, तो उनका असंतोष सामने आ रहा है। इसकी पहली मिसाल ड्राइवरों की हड़ताल के रूप में देखने को मिली, जिसका सीधा असर आम परिवहन और जरूरी चीजों की सप्लाई पर पड़ा। जब हड़ताल से जन–जीवन बाधित हुआ, तब केंद्र की तरफ से ड्राइवरों के संगठनों से बातचीत की पहल की गई। फिलहाल, केंद्र के आश्वासन पर यकीन कर ड्राइवरों ने हड़ताल वापस ले ली है। लेकिन इस प्रकरण से वर्तमान सरकार की पहले निर्णय लेने और फिर सोचने के रवैये पर फिर से गंभीर सवाल जरूर खड़े हुए हैं।

**ड्राइवरों की शिकायत है कि नए कानून में सडक़ हादसों के मामलों में बेहद सख्त सजा का प्रावधान कर दिया गया है। नई संहिता के तहत अगर कोई वाहन चालक किसी सडक़ हादसे के बाद बिना पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बिना वहां से चला जाता है, तो उसे 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। ट्रांसपोर्ट संगठनों का सवाल है कि हादसा होने की स्थिति में अगर भीड़ चालक पर हमला कर दे, तो उस हाल में ड्राइवर खुद को बचाएगा या प्रशासन को सूचित करने की कोशिश में अपने को भीड़ के हवाले कर देगा? यह सच है कि भारत में ट्रक–बस–टैंकर चालकों का जीवन मुश्किलों से भरा होता है। हादसे हमेशा उनकी गलती से नहीं होते।**

ड्राइवरों की शिकायत है कि नए कानून में सडक़ हादसों के मामलों में बेहद सख्त सजा का प्रावधान कर दिया गया है। नई संहिता के तहत अगर कोई वाहन चालक किसी सडक़ हादसे के बाद बिना पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बिना वहां से चला जाता है, तो उसे 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। ट्रांसपोर्ट संगठनों का सवाल है कि हादसा होने की स्थिति में अगर भीड़ चालक पर हमला कर दे, तो उस हाल में ड्राइवर खुद को बचाएगा या प्रशासन को सूचित करने की कोशिश में अपने को भीड़ के हवाले कर देगा? यह सच है कि भारत में ट्रक–बस–टैंकर चालकों का जीवन मुश्किलों से भरा होता है। हादसे हमेशा उनकी गलती से नहीं होते।

भारत की सडक़ें और लचर ट्रैफिक सिस्टम अक्सर हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे में हादसे रोकने के लिए नजरिए में बदलाव की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो, उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की कुल परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए।

## इथियोपिया में फंसे 18 भारतीय नागरिक शीघ्र लौटेंगे स्वदेश : रूडी

**पटना, एजेंसी ।** देश विदेश में फंसे भारतीयों को स्वदेश वापसी में भी निरंतर सहयोग करते रहते है पूर्व केंद्रीय मंत्री व सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी। इसी क्रम में पिछले वर्ष इथियोपिया में नौकरी के लिए गये राजेंद्र कुमार गिरी और उनके साथ 17 अन्य भारतीयों को स्वदेश वापसी की कवायद सांसद के प्रयास से तेज हुआ है। विदित हो कि मढ़ौरा के नौतन पंचायत अंतर्गत कर्णपुरा गाँव के सुरेन्द्र गिरी ने सितंबर 2022 में नौकरी करने गये अपने भाई राजेंद्र गिरी की स्वदेश वापसी की गुहार लगाई थी। पीड़ित के भाई ने सांसद रुडी को बताया था कि वर्किंग विजा पर इथियोपिया के तादाश स्टील फैक्ट्री मे नौकरी करने गये उनके भाई को जब विजा समाप्त होने के बाद कंपनी द्वारा पर्यटन विजा लगाकर वापस भेजा जा रहा था तो एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया था कि 9 माह से कंपनी द्वारा वेतन भी नहीं दिया गया है। इसके बाद सांसद ने विदेश मंत्रालय समेत इथियोपिया और अफ्रीकी संघ के भारत के राजदूत से फोन पर बात करने के साथ ही पत्राचार से संपर्क साधा। सांसद के प्रयास के बाद अब 18 भारतीयों की स्वदेश वापसी का मार्ग खुल गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रुडी के पत्राचार पर भारत के राजदूत (इथियोपिया और अफ्रीकी संघ) रॉबर्ट शेटकिंटोंग ने जांचोपरांत सांसद रुडी को अवगत कराया है कि राजेंद्र गिरी के पास वर्किंग विजा समाप्त होने पर्यटन विजा मिला जिसके द्वारा देश से बाहर जाने के क्रम में आव्रजन अधिकारियों द्वारा एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया।

## मौसम विभाग की चेतावनी : अगले दो दिनों तक भीषण ठंड जारी रहेगी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक भीषण ठंड जारी रहने की संभावना है। इसके बाद भीषण ठंड से हल्की राहत मिल सकती है। आईएमडी ने यह भी अनुमान लगाया है कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में घना से बहुत घना कोहरा जारी रहने और उसके बाद धीरे-धीरे कम होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने दैनिक बुलेटिन में कहा, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम राजस्थान के अधिकांश हिस्सों और पूर्वी राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6-10 डिग्री सेल्सियस के बीच है।

आईएमडी ने कहा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र के कई हिस्सों और हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, ओडिशा के कुछ हिस्सों में ये सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ऊपर है। पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में ये सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस नीचे हैं। शुक्रवार को बीकानेर (पश्चिमी राजस्थान) में सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## खड़गे से मुलाकात के बाद शर्मिला ने कहा, कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी के कांग्रेस में विलय के एक दिन बाद, वाई.एस. शर्मिला ने शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह लेने को तैयार हैं शर्मिला ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें जिम्मेदारी देने पर विचार कर रही है, जिस पर उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे से चर्चा की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला ने कहा, जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि मुझे जो कोई भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे लेने के लिए तैयार हूं।

# सोलन में सुक्खू सरकार पर बरसे नड्डा, महिलाओं से पूछा- क्या आपको 1500 रुपए मिल रहे हैं?

**सोलन, एजेंसी।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को सोलन पहुंचे। नड्डा के सोलन पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। नड्डा ने यहां मालरोड़ से पुराना बस अड्डे तक रोड शो भी किया। इसके बाद नड्डा ने यहां एक जनसभा को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने सुक्खू सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। नड्डा ने जनसभा में मौजूद महिलाओं से पूछा कि क्या आपको हर महीने 1500 रुपए मिल रहे हैं, क्या आपको 300 यूनिट फ्री बिजली मिल रही है? बेरोजगारों को 1 लाख नौकरी मिली क्या, क्या सरकार 100 रुपए में दूध खरीद रही है?



नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बैकगियर की सरकार है। इस सरकार ने 900 संस्थानों को बंद किया है, जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने खोला था। सरकार ने हिमकेयर स्कीम का 200 अस्पतालों को पैसा नहीं दिया जिसके चलते अस्पतालों ने योजना के तहत इलाज करना बंद कर दिया है। नड्डा ने कहा कि आज चीन भी प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहा है।

नड्डा ने कहा कि हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान केंद्र सरकार ने पूरी सहायता की। कांग्रेस का कोई भी नेता दिल्ली से हिमाचल नहीं आया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा के दौरान एक हजार करोड़ से अधिक की मदद हिमाचल के लिए की। लेकिन मौजूदा सरकार कहती है कि हमें कुछ नहीं मिला। यह सरकार सब कुछ डकार गई।

नड्डा ने कहा कि मुझे पता लगा कि अब राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। जिन लोगों ने भारत को तोड़ने की कसर नहीं छोड़ी, अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। नड्डा ने कहा कि जब तक वह भारत विरोधी यात्रा निकालने वालों का साथ देने वालों का साथ देने के लिए देश से माफी नहीं मांगते, यात्रा निकालने का कोई फायदा नहीं।

## भजनों के जरिए देश विदेश में बैठे लोगों को राममय बनाने में जुटे मोदी

**लखनऊ ,एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को राममंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के पहले भजनों के जरिए माहौल को राममय बनाने में जुटे है। इसके माध्यम से देश विदेश में बैठे लोग भी राममय हो रहे। उन्होंने प्रसिद्ध गायक हंसराज, स्वाती मिश्रा के बाद आज जुबिन नौटियाल के भजन को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर किया है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में अब केवल कुछ ही दिन बचे हैं और इस खास मौके के इंतजार में देशभर का माहौल राममय होता जा रहा है। ऐसे में भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा जुबिन का भजन जबरदस्त पॉपुलर हो रहा है। इस भजन में उनके साथ पायल देव की भी आवाज है और इसके बोल लिखे हैं गीतकार मनोज मुंतशिर ने पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा कि भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है।

## कांकेर में बड़ा हादसा, बीएसएफ जवानों को लेकर जा रहा वाहन पलटा, 17 घायल, चार की हालत गंभीर

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अंतागढ़ क्षेत्र से बीएसएफ जवानों को लेकर जा रहा एक वाहन आज अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 17 जवान घायल हो गए, जिसमे 4 की हालत गंभीर बनी हुई है। चारों जवान को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब बीएसएफ के 162वी बटालियन के जवानों को छुट्टी पर जाने के लिए वाहन अंतागढ़ रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। घटना रावघाट थाना क्षेत्र की है, जहा से नारायणपुर जिला मुख्यलय नजदीक होने के कारण सभी को नारायणपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बीएसएफ 162वीं बटालियन के जवान अपने कैंप से छुट्टी पर जाने बीएसएफ के वाहन पर सवार होकर अंतागढ़ रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकले थे। उसी दौरान कोलर के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क से उतरकर पलट गया। हादसे में वाहन में सवार सभी जवानों को चोट आई हैं, जिसमे 4 की हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि सभी जवानों को पहले जिला अस्पताल लाया गया, जहां जवानों का इलाज जारी है। डॉक्टर्स ने 4 जवानों की हालत चिंताजनक बताई जिसके कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। घटना की जांच कांकेर पुलिस कर रही है।

# सोमालिया तट पर जहाज हाईजैक, चालक दल में 15 भारतीय शामिल, तलाश में जुटी नौसेना

**सोमालिया, एजेंसी।** सोमालिया तट पर एक मालवाहक जहाज 'एमवी लीला नॉरफॉक' हाईजैक हो गया है। जहाज बीते दिन हाईजैक हो गया था, जिसके बाद उसपर भारतीय सेना कड़ी निगरानी रख रही है। सोमालिया के तट के पास अगवा किए गए लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज पर चालक दल में 15 भारतीय सदस्य भी शामिल हैं। भारतीय नौसेना के विमान जहाज पर नजर रख रहे हैं और चालक दल के साथ संचार स्थापित किया गया है।

सैन्य अधिकारी ने बताया कि भारतीय नौसेना अपहृत जहाज एमवी लीला नॉरफॉक पर कड़ी निगरानी रख रही है, जिसके बारे में कल शाम जानकारी मिली थी। सोमालिया के तट के पास अगवा किए गए लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज पर चालक दल के 15 भारतीय सदस्य हैं। भारतीय नौसेना के विमान जहाज पर नजर रख रहे हैं और चालक दल के साथ भी कम्यूनिकेशन स्थापित किया गया है।



भारतीय नौसेना ने कहा कि जहाज ने ब्रिटेन के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स पोर्टल पर एक संदेश भेजा था। इसमें कहा गया था कि 4 जनवरी की शाम को 5-6 लोग हथियारों के साथ जहाज पर उतरे। नौसेना ने कहा कि हाईजैक की सूचना मिलते ही एक मैरिटाइम पैट्रोलिंग एयरक्राफ्ट को जहाज की तरफ रवाना किया गया।

एयरक्राफ्ट ने तड़के सुबह शिप की लोकेशन पर पहुंचकर क्रू से संपर्क किया है। सभी सुरक्षित हैं। नेवी का एयरक्राफ्ट लगातार आईएनएस चेन्नई की लोकेशन ट्रैक कर रहे हैं।

## अब जहाज रोका तो खैर नहीं! लाल सागर में हाउती हमलों के विरुद्ध एकजुट हुए 20 से अधिक देश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** लाल सागर में हाउती हमलों में तेजी के बीच समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए हैं। अमेरिकी नौसेना बल सेंट्रल कमांड (एनएवीसीईएनटी) के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। कूपर ने कहा, "कुल मिलाकर 20 से अधिक देश हैं।" परिचालनात्मक रूप से, आप जानते हैं, अभी, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस इन जहाजों की प्रधानता प्रदान कर रहे हैं, और जैसा कि उल्लेख किया गया है, ग्रीस और डेनमार्क कुछ हफ्तों में इसे पूरक करेंगे।" अमेरिका ने दिसंबर में 'ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन' नामक एक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य यमन के अंसार अल्लाह विद्रोही आंदोलन, जिसे हाउती के नाम से भी जाना जाता है, के हमलों से लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना था।

# चीन ने माना, दुनिया में बढ़ा भारत का कद

**बीजिंग, एजेंसी।** अकसर भारत से प्रतिस्पर्धा और कई मामलों पर तल्ख राय रखने वाले चीन ने मोदी सरकार की तारीफ की है। चीन के सरकारी अखबार के लेख में कहा गया है कि भारत वैश्विक कारोबार, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति के मामले में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसका दुनिया में कद बढ़ा है। फुदान यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडी के डायरेक्टर झांग जियाडोंग ने यह लेख लिखा है। उन्होंने लिखा है कि अपने तेज आर्थिक और सामाजिक विकास से भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है। वह आज दुनिया में भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है और महत्वपूर्ण हो गया है। उसने पूरी मजबूती के साथ भारत नैरेटिव को आगे बढ़ाया है। दुनिया में लगातार आगे बढ़ रहे भारत का लोहा मानने वाले देशों की लंबी फेहरिस्त में अब चीन भी शामिल हो गया है। कुछ दिन पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी की तारीफ की थी। अब चीन ने भी भारत का लोहा मान लिया है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने हाल ही में प्रकाशित एक लेख में पीएम मोदी सरकार की तारीफ में कसीदें पढ़े हैं। ग्लोबल टाइम्स लिखता है कि पिछले 10 साल में भारत सरकार ने वैश्विक व्यापार, संस्कृति और राजनीति सहित तमाम मुद्दों पर बेहतर दृष्टिकोण अपनाया है। जियाडोंग ने ग्लोबल टाइम्स में लिखा है कि अपने तेजी से आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ भारत खुद को विकसित करने में रणनीतिक रूप से अधिक आश्वस्त और सक्रिय हो गया है। लेख के अनुसार, भारत अब रणनीतिक रूप से ज्यादा विश्वास से भरा हुआ है और अपने भारत नैरेटिव के विकास से काम लिए ज्यादा सक्रियता से काम कर रहा है। जियाडोंग लिखते हैं कि मैंने हाल ही में दो बार भारत का दौरा किया, जो चार वर्षों में मेरी पहली यात्रा भी है।



जियाडोंग लिखते हैं कि कूटनीतिक क्षेत्र में, भारत तेजी से एक महान शक्ति की ओर बढ़ रहा है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है, उन्होंने अमेरिका, जापान, रूस और अन्य देशों और क्षेत्रीय संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देने की रणनीति पर जोर दिया है। अब, विदेश नीति में भारत की रणनीतिक सोच में एक और बदलाव आया है और वह स्पष्ट रूप से एक महान शक्ति होना दर्शाता है।

## 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है भारतीय सेना : सीएम योगी

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का शुभारंभ किया। उन्होंने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया।

सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक है। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। सीएम योगी ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है।

## नडाल ने ब्रिस्बेन में एक और प्रभावशाली जीत दर्ज की, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन ,एजेंसी** । स्पेनिश दिग्गज राफेल नडाल की एटीपी टूर में वापसी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में शानदार जीत के साथ जारी रही। पूर्व विश्व नंबर 1, जो हाल ही में चोटों के कारण 12 महीने के लंबे ब्रेक के बाद एक्शन में लौटे, ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर को 6–1, 6–2 से हराया। 37 वर्षीय नडाल, जिन्होंने ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम के खिलाफ शानदार शुरूआती जीत के साथ शुरुआत की थी, हार्ड–कोर्ट एटीपी 250 इवेंट में उतनी ही प्रभावशाली जीत हासिल करके आगे बढ़े, जहां उन्होंने छोड़ा था। नडाल, जिन्होंने इस सप्ताह से पहले ब्रिस्बेन में चोट के कारण लगभग 12 महीने तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था, उन्होंने 83 मिनट में कुबलर को पीछे छोड़ दिया।

नडाल ने अपने ऑन–कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छे दृढ़ संकल्प के साथ बहुत अच्छा खेलकर मैच की शुरुआत की। मैंने मैच से पहले जेसन के वीडियो देखे और मैंने उसे बेसलाइन से बहुत मजबूती से खेलते हुए देखा, इसलिए मैं कोर्ट पर आया और बेसलाइन से अपने शॉट्स के साथ आक्रमक होने की कोशिश की। इसने बहुत अच्छा काम किया। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत सकारात्मक मैच था और कल फिर से खेलने का मौका मेरे लिए बहुत मायने रखता है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता ने कहा, लंबे समय तक पेशेवर टूर से बाहर रहने के बाद दो जीत मुझे अच्छा महसूस कराती हैं।

नडाल ने संकेत दिया कि 2024 उनका अंतिम सत्र हो सकता है, उन्होंने कहा, मुझे मैचों की ज़रूरत है, मुझे स्वास्थ्य की ज़रूरत है, मुझे अच्छा अभ्यास करते रहने की ज़रूरत है और निश्चित रूप से यहां पिछले दो मैचों से मदद मिलती है, और यहां तक कि पहले दिन युगल भी। नडाल ने कहा, जो मेलबर्न में 14 से 28 जनवरी तक खेले जाने वाले आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 22 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब में एक और जोडने़ की उम्मीद कर रहे हैं। नडाल ने साल का पहला ग्रैंड स्लैम दो बार 2009 और 2022 में जीता है।

## सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक : दीपा कर्माकर, प्रणति दास, राकेश पात्रा व गौरव कुमार ने कई पदक जीते

**भुवनेश्वर ,एजेंसी** । त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाली ओलंपियन दीपा कर्माकर ने कलिंगा स्टेडियम में नवनिर्मित जिमनास्टिक सेंटर में सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप में एक बार फिर अपनी छाप छोड़ते हुए तीन पदक जीते। दीपा ने महिलाओं की प्रतियोगिता में स्वर्ण (ऑल–अराउंड), रजत (वॉल्ट) और रजत (अनइवेन बार्स) जीता, जिसका समापन गुरुवार को देशभर के शीर्ष जिमनास्टों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। अन्य शीर्ष सितारों प्रणति दास, प्रणति नायक, राकेश पात्रा और गौरव कुमार ने भी इस आयोजन में कई पदक जीते।

रेलवे की प्रणति दास के लिए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का तीसरा दिन यादगार रहा, क्योंकि उन्होंने ऑल–अराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहने के अलावा दोहरा स्वर्ण (अनइवेन बार्स और फ़्लोर एक्सरसाइज) जीता। उनकी टीम साथी प्रणति नायक ने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य, यानी दो पदक जीते। ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने दोहरा स्वर्ण (ऑल–अराउंड और रिंग्स), पैरेलल बार्स में रजत और हॉरिजॉन्टल बार स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ चैंपियनशिप का समापन किया।सर्विसेज के गौरव कुमार ने भी चार पदक जीते, ऑल–अराउंड में कांस्य, फ़्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण और पैरेलल बार्स और हॉरिजॉन्टल बार्स में दो रजत पदक।रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा ने तीन पदक जीते। वह ऑल–अराउंड में दूसरे स्थान पर रहे और वॉल्ट में स्वर्ण और पॉमेल हॉर्स में रजत पदक जीता।

# कप्तान रोहित शर्मा ने की सिराज–बुमराह की तारीफ, केपटाउन जीत को बताया सर्वश्रेष्ठ टेस्ट जीत

**केपटाउन, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि केपटाउन में मिली जीत हमारी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट मैच जीत में से एक है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के गेंदबाजी आक्रमण का सराहना की। भारत को कल सात विकेट से मिली जीत के बाद रोहित ने कहा, "यह हमारी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट मैच जीत में से एक है। केपटाउन में इससे पहले कोई भी टेस्ट नहीं जीत पाने के कारण अन्य टेस्ट जीत की तुलना में यह काफी खास है। ऐसे तो हर टेस्ट मैच का अपना अलग महत्व होता है और उनकी तुलना करना भी काफी कठिन है। गाबा में भी हमने जो टेस्ट मैच जीता था, वह भी काफी खास था। उस मैदान पर उससे पहले ऑस्ट्रेलिया को हरा पाना काफी कठिन था। वहां उन्हें आखिरी बार 1988 में किसी टेस्ट में पराजय मिली थी। 23, 24 साल (32 साल) बाद हमने वहां टेस्ट मैच जीता। यह एक प्रकार से उनका किला बन गया। वे वहां कभी कोई टेस्ट मैच नहीं हारते।"



उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने वह टेस्ट मैच जीता वह काफी महत्वपूर्ण था। उस सीरीज में हम 0–1 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद हम मेलबर्न में जीते और फिर हमने सिडनी में टेस्ट मैच ड्रा कराया। फिर अंत में ब्रिस्बेन में जीत हासिल की। यह जरूर है कि हम टेस्ट जीत की रैंकिंग नहीं कर सकते लेकिन केपटाउन में मिली जीत बहुत ही ज्यादा खास है, क्योंकि इससे पहले हमने कभी भी यहां पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। उन्होंने कहा, "हमें पता था कि यह बड़े स्कोर वाला मैच नहीं होगा। इसी कारण से हम अपनी गेंदबाजी में अनुशासित रहना चाह रहे थे। हम ज्यादा प्रयोग नहीं करते हुए चीजो को आसान रखने का प्रयास कर रहे थे। एक बार जब हमने उन्हें 55 रन पर ऑलआउट कर दिया, तो हमने बल्लेबाजों से बात की और उन्हें बताया कि हमें इस मैच में छोटे–छोटे योगदान की जरूरत है। ईमानदारी से कहूं तो शीर्ष चार या पांच बल्लेबाजो ने काफी धैर्य दिखाया। हम जानते थे कि यहां पहली पारी की बढ़त महत्वपूर्ण होने वाली थी।"

उन्होंने कहा, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम बिना रन बनाये छह विकेट खो देंगे। यह थोड़ा निराशाजनक था लेकिन क्रिकेट में ऐसा होता रहता है। हालांकि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने हमारी गेंदबाजी आक्रमण का बेहतरीन नेतृत्व किया। उन्होंने गेंद को सही क्षेत्र में डाला और पिच को बाकी काम करने दिया और उन्हें इसका इनाम भी मिला।" रोहित ने कहा, "उस पिच पर कोई भी स्कोर बनाना चुनौतीपूर्ण था। यशस्वी जयसवाल ने काफी खुलकर खेला। हमने इस बारे में चर्चा भी की थी कि अगर गेंद हमारे पाले में रही तो हमें अपने शॉट खेलने हैं।" रोहित शर्मा ने कहा, "जब हम आज मैदान पर आए तो हमें पता था कि अगर हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया तो दक्षिण अफ्रीका की टीम अच्छे स्कोर तक पहुंच सकती है। हालांकि हमने अच्छी शुरुआत की और हमें पहले ही ओवर में विकेट मिल गया। इसके बाद हमारे पास एडेन मारक्रम के खिलाफ कुछ योजना थी लेकिन उन्होंने शानदार पारी खेली।" उन्होंने कहा, "हम बुमराह के क्लास को जानते हैं। हमें पता है कि वह टीम में किस प्रकार की गुणवत्ता लेकर आते हैं। उन्होंने छह विकेट हासिल करते हुए हमें मैच में बनाये रखने का काम किया।"

# भारत–साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीजः प्वाइंट टेबल में भारत पहले पायदान पर पहुंचा

**दुबई, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला केपटाउन में खेला गया। इस मैच को भारतीय टीम ने जीता और सीरीज को 1–1 से बराबर कर दिया। भारत ने इस मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की और इसी के साथ भारतीय क्रिकेट टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की अंकतालिका में छठवें से पहले पायदान पर पहुंच गई है।



भारतीय क्रिकेट टीम की केपटाउन में ये पहली टेस्ट जीत है, जो रोहित शर्मा की कप्तानी में मिली है। साउथ अफ्रीका की टीम को इस हार से नुकसान हुआ है। केपटाउन टेस्ट मैच से पहले तक टीम पहले स्थान पर थी, लेकिन अब टीम का जीत प्रतिशत घटकर 50 फीसदी हो गया है और टीम पांचवें पायदान पर पहुंच गई है। पहला मैच जब टीम ने जीता था, तो टीम का जीत प्रतिशत 100 था, क्योंकि एक ही मैच इस चक्रमें साउथ अफ्रीका ने खेला था।

अब टीम दूसरा मैच हार गई है, तो जीत प्रतिशत 50 रह गया है। इतना ही जीत प्रतिशत ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड का है। भारतीय टीम का जीत प्रतिशत अब 54.16 है, जबकि ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका का जीत प्रतिशत 50–50 है।

छठे नंबर पर इस समय पाकिस्तान की टीम है, जिसका जीत प्रतिशत इस समय 45.83 का है। सातवें स्थान पर वेस्टइंडीज की टीम है, जिसने अभी तक 16.67 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। आठवें नंबर पर इंग्लैंड की टीम है, जिसका जीत प्रतिशत इस समय 15 का है। वहीं, श्रीलंका एकमात्र टीम है, जिसने अभी तक एक भी टेस्ट मैच इस चक्रमें नहीं खेला है।

## क्रिकेट जगत का यह नियम बदला .. टीवी अंपायर स्टंपिंग की अपील पर नहीं करेंगे कॉट बिहाइंड का रीव्यू

**दुबई ,एजेंसी** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने नियमों में कुछ बदलाव किया है जिसके तहत अब टीवी अंपायर, स्टंपिंग की अपील पर कॉट बिहाइंड का रीव्यू नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष 12 दिसंबर से प्रभावी हुये नियमों के तहत अब विकेटकीपर के बेल्स गिराने के बाद अगर टीम कॉट बिहाइंड के लिए रीव्यू लेना चाहती है तब उसे अलग से डीआरएस की अपील करनी होगी। वर्ष 2023 की शुरुआत में भारत के खिलाफ श्रृंखला में कई बार ऐसा हुआ था कि ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स केरी स्टंप की अपील करते और टीवी अंपायर कॉट बिहाइंड को भी रीव्यू करते थे। इसके कारण गेंदबाजी कर रही टीम को रीव्यू लेने की जहमत नहीं उठानी पड़ती थी और अंपायर यह भी चेक करते थे कि गेंद बल्ले से लगकर गई है या नहीं। हालांकि अब स्टंप की अपील पर टीवी अंपायर केवल साइड ऑन कैमरा का उपयोग करते हुए यह जांचेंगे कि बल्लेबाज स्टंप आउट है या नहीं। आईसीसी ने कनकशन सब्स्टीट्यूशन के नियम के अनुसार अगर खिलाड़ी को गेंदबाजी से रोका गया हो तो उसके स्थानापन्न खिलाड़ी को भी गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं मिलेगी।

# दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट के लिए खतरे की घंटी

**सिडनी ,एजेंसी ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में कमजोर टीम भेजना टेस्ट के लिए खतरे की घंटी है। हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड में एक कमजोर टीम भेजना टेस्ट क्रिकेट के लिए खतरे की घंटी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत जैसे तीन बड़े देशों के इतर भी टेस्ट क्रिकेट को प्रासंगिक बनाए रखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और उसके ऊपर चल रही चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कम से कम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेले जाने की वकालत करने की तैयारी कर रही है।मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के प्रावधानों के अनुसार एक टेस्ट सीरीज में कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य है। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच चल रही सीरीज के 1–1 की बराबरी पर समाप्त होने की संभावना अधिक है। पिछली बार भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छोडक़र कोई तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2018–19 में खेली गई थी, जब पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था।उन्होंने कहा, कम से कम तीन टेस्ट मैच प्राथमिकता में होने चाहिए। इसलिए हम इसकी वकालत करते रहेंगे। जहां तक घरेलू स्तर की टी–20 श्रृंखलाओं की बात है तो हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि यह उन देशों में खेले जाने वाली श्रृंखलाओं के साथ ओवरलैप ना हो जहां ऐसी श्रृंखलाएं उनकी कमाई का अहम जरिया हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एसए–20 लीग के कारण दक्षिण अफ्रीका के राजस्व पर पड़े प्रभाव को स्वीकारा है लेकिन इसके अफ्रीकी टीम का न्यूजीलैंड में अपनी दूसरे दर्जे की टीम को भेजने का फैसला चर्चा को अलग स्तर पर ले गया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर बल देते हुए कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट के प्रति समर्पित हैं और आगे पूरी कोशिश करेंगे कि भविष्य में ऐसे टकराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए खतरे की घंटी है। बच्चों और नए लोगों को क्रिकेट की ओर आकर्षित करने में टी–20 की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता लेकिन हमारा विश्वास है कि इन दोनों का अस्तित्व एक साथ बना रह सकता है। मुझे लगता है कि हम ऑस्ट्रेलिया में इस बात को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि बिग बैश के दौरान भी हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को ही प्राथमिकता देंगे। और हम इस मसले पर आईसीसी के साथ आगे काम भी करेंगे।हॉकले इस बात को लेकर आत्मविश्वास से भरे हैं भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बाहर भी देश टेस्ट क्रिकेट के भविष्य को लेकर समर्पित हैं

## डेविड वॉर्नर की लापता हुई 'बैगी ग्रीन कैप' मिली, बोले– मैं इसे जीवन भर संजो कर रखूंगा

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी खोई हुई 'बैगी ग्रीन कैप' (टेस्ट कैप) उन्हें मिल गई है। वॉर्नर ने आज सुबह सोशल मीडिया पर अपने असली बैगी ग्रीन को पकड़े हुए एक वीडियो पोस्ट किया और इसे ढूंढने के लिए इसमें शामिल लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, "नमस्कार, आप सभी को यह बताते हुए मुझे बहुत खुशी और राहत महसूस हो रही है कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं, जो बहुत अच्छी खबर है।" उन्होंने कहा, "इसमें शामिल सभी लोगों को धन्यवाद और मैं बेहद आभारी हूं। क्वांटास, माल ढुलाई कंपनी, हमारे होटल और टीम प्रबंधन। आपको धन्यवाद।" वीडियो में उन्होंने कहा, "कोई भी क्रिकेटर जानता है कि उनकी टोपी कितनी खास है और मैं इसे जीवन भर संजो कर रखूंगा।" क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने बताया कि जिस बैग में बैगी ग्रीन रखा था वह टीम होटल (सिडनी में) में पाया गया जिसमें सारा सामान था। हालांकि यह उन्हें कैसे मिला यह अब भी एक रहस्य है। उन्होंने कहा कि व्यापक खोज और कई स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा और मंगलवार से कई पक्षों के प्रयासों के बावजूद नहीं पता चला कि लापता बैग वहां कैसे पहुंचा। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मेलबर्न से सिडनी के सफर के दौरान वार्नर का बैग गायब हो गया था जिसमें बैगी ग्रीन थी।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338